## योगा हॉल के नवीनीकरण पर खर्च होंगे 19 लाख रुपये, नेहरू पार्क में आने वालों को मिलेगा फायदा

# योगा हॉल के नवीनीकरण का किया शिलान्यास

भाजपा सरकार पूरी तरह जनसेवा के लिए समर्पित : घनश्याम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। नेहरू पार्क के योगा हॉल के नवीनीकरण का शिलान्यास करते विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर।

शहर के मॉडल टाउन स्थित नेहरू पार्क में बने योगा हॉल का 19 लाख रुपये की लागत से नवीनीकरण किया जाएगा। योगा हॉल का नवीनीकरण होने से यहां योग करने वाले नागरिक शुद्ध व स्वच्छ वातावरण में योगा व व्यायाम कर सकेंगे। यह योगा हॉल नागरिकों में स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देगा। सोमवार को सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर सुमन बहमनी ने पार्षद विभोर पाहुजा की मौजूदगी में योगा हॉल के नवीनीकरण के कार्य का शिलान्यास किया। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि शहर के हर वार्ड में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा तेजी से आगे बढ़ रहा है और प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में बिना भेदभाव के कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह जनता की सेवा के लिए समर्पित है। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि शहर के विकास के साथ इसकी स्वच्छता के लिए भी नगर निगम कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि हर गांव और शहर में मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ हों। इसी दिशा में यह नवनिर्माण कार्य स्थानीय निवासियों के लिए राहत और सुविधा लेकर आएंगे। मौके पर नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए नगर निगम प्रतिबद्ध है। नगर के विकास की हर पहल जनता को समर्पित है। नेहरू पार्क में बने हॉल का नवीनीकरण शहरवासियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### प्रत्येक वार्ड में करवाए जा रहे विकास कार्य

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर के हर वार्ड की हर नियमित कॉलोनी में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। हाल ही में पांच करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों के टेंडर जारी किए गए हैं। जिनमें विभिन्न वार्डों में नई गलियों, सड़कों, नालियों व शौचालयों समेत अन्य विकास कार्यों का निर्माण किया जाएगा। पार्कों का सौंदर्यीकरण और विभिन्न भवनों का नवीनीकरण किया जाएगा। नगर निगम क्षेत्र के हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं देने का कार्य किया जा रहा है। विकास कार्यों के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमन सग्गड़, मंडल महामंत्री संदीप बजाज, कपिल दुआ, भंवर जोत धामी, अभिषेक माणिकटाला, नरेंद्र चुग व जय प्रकाश आदि मौजूद थे।

## नगर निगम ने चलाया विशेष सफाई अभियान

# प्लाटों की निगम करवाएगा सफाई, खर्चा मालिक देंगे

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर शहर में 27 नवंबर तक जारी रहेगा सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। मीरा बाई मार्केट में साफ-सफाई करते हुए नगर निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी प्रशासन द्वारा शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए विशेष सफाई अभियान का शुभारंभ किया है। सफाई अभियान 27 नवंबर तक जारी रहेगा। सोमवार को नगर निगम द्वारा मीरा बाई बाजार, रेलवे रोड समेत शहर की विभिन्न सड़कों व गलियों की सफाई की। साथ ही खाली प्लाटों की सफाई कर उनके मालिकों को उनकी चारदीवारी करने के निर्देश दिए गए। सोमवार को नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर शहर के वार्ड एक से सात तक सीएसआई हरजीत सिंह, वार्ड 8 से 15 तक सीएसआई अनिल नैन, वार्ड 16 से 22 तक सीएसआई विनोद बैनीवाल के नेतृत्व में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। पहले दो दिन निगम की टीमें खाली प्लाटों का सर्वे करेंगी। साथ ही खाली प्लाटों, बाजारों व सड़कों की सफाई की जा रही है। खाली प्लाटों की सफाई कर खर्च उनके मालिकों से वहन किया जाएगा। साथ ही उन्हें नोटिस दिया जाएगा। अभियान के दौरान निगम की टीमों ने तीनों जोन में मुख्य बाजारों और खाली प्लाटों की सफाई की। निगम कर्मियों ने गंदगी को पूरी तरह साफ कर गलियों को चकाचक किया।

### प्लाटों में गंदगी मिलने पर होगी कार्रवाई

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि नगर निगम ने खाली प्लाटों का सर्वे शुरू कर दिया है। इसके लिए संबंधित सीएसआई के नेतृत्व में टीमें गठित की गई हैं। निगम की टीमों को जो प्लाट बिना चारदीवारी के गंदगी से भरे हुए मिलेंगे, उनके मालिकों के खिलाफ हरियाणा नगर निगम अधिनियम के तहत नोटिस भेजकर कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम के 22 वार्डों में विभिन्न कॉलोनियों व मोहल्लों में बड़ी संख्या में अब भी प्लाट खाली हैं। प्लाटों की चारदीवारी न होने के कारण कई लोग वहां कचरा फेंकते हैं। निजी प्लाटों में धीरे-धीरे गंदगी के बड़े-बड़े ढेर लग जाते हैं और परेशानी आस पास के लोगों को होती है। जिसे देखते हुए नगर निगम ने निर्णय लिया है कि ऐसे खाली प्लाटों के मालिकों को नोटिस दिया जाएगा। जिनमें गंदगी भरी हुई है। प्लाट मालिकों को नोटिस जारी करने के साथ ही उन्हें उसकी सफाई व चारदीवारी कराने के आदेश दिए जाएंगे। यदि प्लाट मालिक स्वयं उसकी सफाई नहीं करता है तो नगर निगम द्वारा प्लाटों की सफाई कराई जाएगी। इस पर आया खर्च नगर निगम द्वारा प्लाट मालिकों से वहन किया जाएगा।

# फिजियोथेरेपी यूनिट बनने से मिलेगा लाभ : रवि

- टीडीटीआर डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन में उन्नत फिजियोथेरेपी यूनिट का किया शुभारंभ
- मुख्यातिथि के रूप में रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रवि प्रकाश ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

टीडीटीआर डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन यमुनानगर द्वारा रोटरी क्लब के सहयोग से सोमवार को संस्थान के ओपीडी में उन्नत फिजियोथेरेपी यूनिट का शुभारंभ किया गया।

नवीनतम यूनिट में विशेष रूप से दिव्यांगजनों एवं जरूरतमंद रोगियों को उच्च स्तर की पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य को लेकर शुरु की गई है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रविप्रकाश ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डॉ. हिमांशु शेखर बेहेरा ने की। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में डीएवी कालेज प्रबंधक कमेटी के सदस्य एवं डीएवी शिक्षण संस्थान के चेयरमैन विजय कपूर, रोटरी क्लब यमुनानगर के अध्यक्ष ईश आनंद व सचिव विभोर पहूजा मौजूद रहे। मुख्यातिथि एवं रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रवि प्रकाश ने संस्थान द्वारा फिजियोथेरेपी शिक्षा को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों की सराहना की । उन्होंने आश्वासन दिया कि रोटरी क्लब द्वारा संस्थान को एक मोबाइल फिजियोथेरेपी वैन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर विशिष्ठ अतिथि विजय कपूर ने महान समाजसेवी स्वर्गीय जेएन कपूर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बताया कि जेएन कपूर स्वास्थ्य सेवाओं के अग्रदूत रहे हैं। उन्होंने 1997 में प्रदेश का पहला फिजियोथेरेपी कॉलेज टीडीटीआर डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन तथा हरियाणा का पहला पोस्ट ग्रेजुएट डीएवी डेंटल कॉलेज स्थापित किया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. हिमांशु शेखर बेहोरा ने सत्र 2024-2025 की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।



यमुनानगर। टीडीटीआर डीएवी इंस्टीट्यूट में नवीनतम उन्नत फिजियोथेरेपी यूनिट का अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ करते हुए मुख्यातिथि।

# सांस्कृतिक झलकियों से जीता मन




यमुनानगर। गांव धौडंग स्थित श्याम पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

- श्यामा पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

श्यामा पब्लिक स्कूल धौडंग में सोमवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक, समूह गीत एवं विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलकियों के माध्यम से अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों के आत्मविश्वास और प्रस्तुति कौशल ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। विशेष रूप से छात्रों द्वारा प्रस्तुत सामाजिक संदेश आधारित नाटक को सभी ने खूब सराहा। विद्यालय की मैनेजर शशि बाटला ने विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मकता और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने शिक्षकों एवं प्रबंधन के प्रयासों की प्रशंसा की, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्यरत हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्य मनीषा सासन ने वार्षिकोत्सव को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए सभी अभिभावकों, अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर चेयरमैन सेठ अशोक कुमार, अश्वनी अग्रवाल, जनरल सेक्रेटरी डॉ. रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास पर कार्य करेगा नेकचंद मेमोरियल क्लब : भल्ला

- गुरुनानक खालसा कॉलेज में नेकचंद मेमोरियल क्लब का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कालेज में विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास, पर्यावरण स्वच्छता समेत अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सोमवार को नेकचंद मेमोरियल क्लब का गठन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरविंदर भल्ला ने क्लब के कार्यों व गतिविधियों की जानकारी दी।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरविंदर भल्ला ने बताया कि कालेज में नेक चंद मेमोरियल क्लब की स्थापना एक सुंदर और सार्थक उद्देश्य के साथ की गई है। इस क्लब का लक्ष्य विद्यार्थियों को यह समझाना है कि



बेकार समझी जाने वाली वस्तुओं में भी नई खूबसूरती और उपयोगिता छिपी होती है। विश्व प्रसिद्ध रॉक गार्डन के रचनाकार नेक चंद की अनोखी सोच से प्रेरित होकर यह क्लब विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करता है कि वे फेंके हुए सामान को कल्पना और रचनात्मकता के माध्यम से नई पहचान दें। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने कहा कि गुरु नानक खालसा कॉलेज हमेशा से सर्वांगीण शिक्षा में विश्वास रखता है। ऐसी पहल विद्यार्थियों को जिम्मेदार, सजग और पर्यावरण प्रेमी नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। क्लब की संयोजक डॉ. निधि महेंद्रू ने बताया कि यह क्लब विद्यार्थियों को रचनात्मकता और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ समझने का एक सुंदर अवसर देगा।

### यह रखा लक्ष्य

क्लब की सह संयोजक प्रो. पूजा राणा ने टीम सदस्यों शिल्पी, मंगीत कौर और खुशप्रीत के साथ मिलकर क्लब को एक ऐसी जगह बनाने का विश्वास जताया है। जहां कैंपस और समाज की बेहतरी के लिए क्रिएटिविटी और सस्टेनेबिलिटी साथ साथ काम करें।

**आयोजन** | दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी में संत संकीर्तन कार्यक्रम का किया आयोजन

# वातावरण की ऊर्जा हमारे विचारों व कर्मों से होती है प्रभावित : भारती

साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने मानव जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं से साध संगत को करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में प्रवचन करतीं साध्वी भारती व श्रवण करते हुए श्रद्धालु।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने मानव जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं से श्रद्धालुओं को अवगत करवाया। मौके पर साध्वी बहनों ने अपने भजनों के माध्यम से साध-संगत को भावविभोर कर दिया।

साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने फरमाया कि इस संसार में जड़ चेतन, दृश्य व अदृश्य सब कुछ ऊर्जा स्वरूप है। पंचभूत हो अथवा पंचभूतों द्वारा निर्मित मानव शरीर सब ऊर्जा का ही स्वरूप है। ऊर्जा को शक्ति भी कहा जाता है। वह शक्ति जड़ वस्तुओं में सुप्तावस्था एवं चेतन वस्तुओं में जागृत अवस्था में विद्यमान रहती है। उन्होंने फरमाया कि यदि कण-कण में एक ही शक्ति वास करती है तो कदाचित उसका प्रभाव कहीं सकारात्मक तो कहीं नकारात्मक क्यों होता है। जैसे विद्युत ऊर्जा का एक ही स्वभाव है, लेकिन यह उपकरण की तकनीकी प्रणाली पर निर्भर करता है कि वह उस विद्युत ऊर्जा के द्वारा गर्मी पैदा करेगा अथवा वस्तुओं को ठंडा करेगा।

### तीर्थ स्थल पर शांति

उन्होंने कहा कि वातावरण की ऊर्जा हमारे विचारों, शब्दों एवं कर्मों के द्वारा प्रभावित होती है। किसी भी स्थान एवं वस्तु की ऊर्जा उसके आस पास विचरण करने वाले मनुष्यों एवं घटित होने वाली घटनाओं पर ही निर्धारित होती है। तभी किसी तीर्थ स्थान अथवा धार्मिक स्थल पर बैठकर असीम शांति एवं परमानंद की अनुभूति होती है । क्योंकि वहां किसी भक्त अथवा संत ने शुद्ध भक्ति की दिव्य तरंगों के द्वारा उस वातावरण को पोषित किया होता है। भारती ने कहा कि मां भगवती के इक्यावन शक्ति पीठ हैं जहां ज्योति स्वरुपमा मां भवानी की शक्ति विराजती है। वहीं, भगवान शिव बारह ज्योतिर्लिंगों में विराजमान रहते हैं।

## खबर संक्षेप



### दुर्गा शक्ति टीम ने महिलाओं को दिए सुरक्षा टिप्स

यमुनानगर। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर दुर्गा शक्ति टीम ने जागरुकता अभियान चलाया। अभियान के अंतर्गत दुर्गा शक्ति टीम की इंचार्ज उप निरीक्षक कुसुम रानी ने आटो में सफर करने वाली महिलाओं को ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा की जानकारी दी। इसके साथ ही महिलाओं को सफर के दौरान अपनी सुरक्षा करने के टिप्स भी दिए गए। दुर्गा शक्ति टीम ने अभियान के तहत शहर के प्रमुख आटो स्टैंडों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिला सवारियों से संवाद किया। उप निरीक्षक कुसुम रानी ने बताया कि यदि आटो में सफर के दौरान कोई सहयात्री उन्हें असहज महसूस कराता है। जैसे कि गलत तरीके से छूने, बेड टच की कोशिश करता है तो वे तुरंत इसकी शिकायत कर सकती हैं। इसके लिए महिला हेल्पलाइन नंबर 1091, 112 या नजदीकी पुलिस थाने से संपर्क किया जा सकता है। टीम ने यह भी बताया कि जिले में चलने वाले सभी आटो के ऊपर चालक का नाम और मालिक का मोबाइल नंबर अंकित होता है। जिससे किसी भी तरह की शिकायत की स्थिति में संबंधित व्यक्ति की पहचान कर पाना आसान हो जाता है। महिलाओं को सलाह दी गई कि वह आटो में बैठने से पहले इन जानकारियों को जरूर देख लें और सुरक्षित महसूस न होने पर वाहन को बदलने में संकोच न करें। इंचार्ज ने बताया कि ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा के माध्यम से महिलाएं अपने आटो ट्रिप की जानकारी अपने किसी करीबी के साथ साझा कर सकती हैं।



### वृंदावन से आए संतों ने बताया गीता का महत्व

रादौर। सरस्वती मेहता पब्लिक स्कूल खेड़ी लक्खासिंह में सोमवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वृंदावन से आये संतों ने प्रवचन किये। वृंदावन से आये माधवी शरण व राधा शरण ने बच्चों को सनातन धर्म के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने गीता से जीवन जीने के सूत्र बताए। स्कूल के बच्चों ने गीता के श्लोक का संस्कृत उच्चारण कर सब का मन मोह लिया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक कपिल मेहता ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों को सनातन धर्म के बारे में जानने का मौका मिलता है। जिससे बच्चों में संस्कार का संचार होता है।

### सर छोटूराम किसानों के सच्चे मसीहा : बंचल

रादौर। जाटसभा रादौर द्वारा सोमवार को जाट नगर में दीनबंधु सर छोटूराम का जन्मदिवस मनाया गया। सभा के सदस्यों ने किसान नेता सर छोटूराम के चित्र पर फूल मालाएं अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर एडवोकेट सुरेशपाल बंचल ने कहा कि सर छोटूराम गरीब, मजदूर और किसानों के सच्चे मसीहा थे। जिन्होंने जीवनभर किसान मजदूर के लिए संघर्ष किया। किसानों को कर्जों से मुक्ति दिलाने के लिए सर छोटूराम ने विशेष अभियान चलाया था। इस अभियान से ही किसान साहूकारों के चंगुल से आजाद हो पाया था। सर छोटूराम ने केवल जाट बिरादरी नहीं बल्कि 36 बिरादरी के किसानों के नेता थे। जिस समय देश के लोग अंग्रेजों की गुलामी से भारत को आजाद करवाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उस समय सर छोटूराम ने न केवल आजादी के लिए संघर्ष किया। बल्कि किसानों को दास्तां से मुक्ति दिलाने व शोषण के जीवन से बाहर निकालने में आंदोलन चलाया था। आजादी से पूर्व साहूकार लोग किसानों की भूमि कुछ रुपयों में ही गिरवी रख लेते थे। साहुकारों का ब्याज किसान चुका नहीं पाते थे। ऐसे में 36 बिरादरी के किसानों की भूमि साहूकारों के चुंगल में फंस गई थी। सर छोटूराम ने किसानों को कर्जों से मुक्ति दिलाते हुए उनकी जमीनें उन्हें वापिस दिलवाई।



### समाधान शिविरों में तत्परता से करें समाधान : गुलाटी

यमुनानगर। हरियाणा सरकार के दिशा निर्देशानुसार सोमवार को जिला सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डीआईओ विनय गुलाटी ने लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर निपटान कर दिया। जबकि शेष को संबंधित अधिकारियों के पास भेजकर उनका जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। डीआईओ विनय गुलाटी ने बताया कि समाधान शिविर में राम नगर निवासी लवकेश द्वारा गलियों की लाईटें बदलवाने बारे समस्या रखी। जिसका मौके पर समाधान कर दिया गया। इसके अलावा विभिन्न लोगों ने अपनी अपनी समस्याएं रखी। जिनमें से अधिकांश का मौके पर समाधान कर दिया गया और शेष को संबधित अधिकारियों के पास भेजकर उनका जल्द समाधान करने के निर्देश दिए गए।



### आपदा प्रबंधन से जुड़े कार्यों की लें जानकारी : विश्वनाथ

यमुनानगर। राजस्व विभाग द्वारा जिला सचिवालय में सोमवार को आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ ने की। एसडीएम विश्वनाथ ने बताया कि आपदा से जुड़े कार्यों की हमें विशेष रूप से जानकारी होनी चाहिए। क्योंकि आपदा का कोई समय नहीं होता है। आपदा किसी भी समय कहीं पर भी हो सकती है। यदि हमें आपदा से जुड़े कार्यों की जानकारी होगी तो हम अपने साथ साथ दूसरे लोगों की भी सहायता कर सकते हैं। इसलिए हमें आपदा से जुड़े कार्यों में कोई लापरवाही नहीं करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जानकारी के अभाव में साधन होते हुए भी हम एक दूसरे की सहायता नहीं कर पाते हैं। इसलिए हमें आपदा से जुड़े सभी साधनों की विशेष जानकारी होनी चाहिए। मौके पर एनडीआरएफ के निरीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि मॉक एक्सरसाइज एक प्रकार का अभ्यास है। जिसका उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों के दौरान लोगों और संगठनों को तैयार करना है। यह वास्तविक जीवन की आपातकालीन स्थितियों जैसे आग, भूकंप या हमलेद्ध का अनुकरण करता है। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर कोई जानता हो कि ऐसी स्थिति में कैसे प्रतिक्रिया देनी है। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ के अधिकारियों द्वारा गत 17 नवम्बर से जिला के विभिन्न स्कूलों, सार्वजनिक स्थानों पर शिविर आयोजित कर लोगों को आपदा के समय आपातकालीन स्थितियों का सामना करने और दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए तथा आपदा के समय जनहानि से बचने के लिए विस्तार से बताया जा रहा है। इस अवसर पर जिला राजस्व अधिकारी तरुण सहोता, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. वागीश गुटेन, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता विनोद कुमार, पशुपालन विभाग के एसडीओ डॉ. सतबीर सिंह, रैडक्रास सचिव रणदीप सिंह व कृषि विभाग के अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

